
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026

# उम्र सिर्फ एक संख्या है! तमिलनाडु के तीन बुजुर्गों ने पास की NEET परीक्षा, अब MBBS एडमिशन बना नई चुनौती।

Publisher

Published on 14 Jul 2025



**68, 67 और 60 साल की उम्र मे NEET पास कर MBBS मे दांखिले के लिए आवेदन करने वाले बुजुर्ग बने मिसाल, अब कमेटी के लिए बनी नई चुनौती।**

**चेन्नई :** तमिलनाडु में तीन व**रिष्ठ नागरिकों ने NEET 2025 परीक्षा पास** कर यह साबित कर दिया है कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जहां **युवा छात्र मेडिकल परीक्षा** की तैयारी में तनाव से जूझते हैं, **वहीं 68, 67 और 60 वर्ष के इन तीन बुजुर्गों ने न केवल परीक्षा पास की**, बल्कि **MBBS** में दाखिले के लिए आवेदन भी कर दिया है। यह कदम अब **राज्य मेडिकल एडमिशन कमेटी** के लिए एक नई चुनौती बन गया है।

**पेशे से वकील, अब बनने की चाह डॉक्टर**

इन तीनों में से दो अभ्यर्थी पेशे से वकील हैं, जिन्होंने वर्षों तक न्याय के क्षेत्र में कार्य किया है। अब जीवन के इस पड़ाव में उनका सपना है कि वे स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान दें।

**राज्य चयन समिति** के अधिकारियों के अनुसार, **35 साल से अधिक उम्र के करीब 25 अभ्यर्थी** इस साल **मेडिकल और डेटंल कोर्स** में दाखिले के लिए दौड़ में हैं। ऐसा 2017 के बाद पहली बार देखा गया है कि मध्यम आयु और वरिष्ठ नागरिकों की इतनी बड़ी संख्या मेडिकल प्रवेश की दिशा में सक्रिय हुई है।

**NEET मे अंब नहीं है आयुसीमा**

**नेशनल मेडिकल काउंसिल (NMC)** ने पहले ही **NEET परीक्षा** में आयु और प्रयास की सीमा हटा दी है, जिससे अब कोई भी उम्र का व्यक्ति **मेडिकल परीक्षा** में शामिल हो सकता है। यही कारण है कि इन **वरिष्ठ नागरिकों** ने इस अवसर को अपनाया और

परीक्षा पास भी की।

**विशेष कोटे के तहत दाखिले की उम्मीद**

१. **तीनों बुजुर्गों ने सरकारी स्कूल छात्रों के लिए आरक्षित 7.5% विशेष कोटे के तहत आवेदन किया है।**
२. **इस कोटे के तहत सरकारी या निजी कॉलेज मे निःशुल्क MBBS पढ़ाई का अवसर मिलता है।**
३. **इन उम्मीदवारों ने इतने अच्छे अंक प्राप्त किए है कि वे सरकारी आरक्षण नीति (69% आरक्षित सीटे) के अंतर्गत सरकारी कॉलेज मे प्रवेश के पात्र बन सकते है।**
४. **राज्य चयन समिति इस असाधारण स्थिति को लेकर प्रक्रियाओं की समीक्षा कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उम्र या पेशा दाखिले मे बाधा न बने।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.